# मध्य रेल

| | |
|---|---|
| 8.1.2013 | मध्य रेल पर रेल कर्मियों के लिए रेल परिसर में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने हेतु नियमों के जानकारी हेतू सेमिनार का आयोजन। |
| 25.1.2013 | **64 वें प्रजासत्ताक दिवस के अवसर पर "रेल कला संगम" कार्यक्रम का आयोजन।** |
| 27.1.2013 | **महाप्रबंधक द्वारा नागपूूर स्टेशन पर रेल कला संगम प्रदर्शनी का उदघाटन ।** |
| 1.2.2013 | **अजनी स्टेशन को टर्मिनस का दर्जा ।** |
| 11.2.2013 | महिला स्वास्थ्य सशक्तिकरण अभियान के तहत जीवन शैली में बदलाव विषय पर संगोष्टि का आयोजन। |
| 20.2.2013 | "चिकित्सा में पूर्ण विकास" विषय पर चर्चासत्र का आयोजन किया गया। चर्चासत्र में डायरेक्टर जनरल/आरएचएस नई दिल्ली डॉ. व्ही.के. रामटेके, मुख्य अतिथि थे तथा मुख्य चिकित्सा निदेशक, डॉ एम.पी. जैन. |
| 5.3.2013 | अजनी बालक मंदिर स्कूल में महिला समाज सेवा समिति द्वारा दंत चिकित्सा शिबीर का आयोजन। |
| 9-3-2013 | **12772/12771 नागपुर से सिकंदराबाद नई सुपरफास्ट त्रिसाप्ताहिक ट्रेन का शुभारंभ।** |
| 8.3.2013 | फेको सर्जरी कैंप का आयोजन। कैंप में मोतियाबिंद के मरीजों की जांच की गई एव अत्याधुनिक तकनीक फेको सर्जरी द्वारा उपचार हेतु परामर्श दिया गया । |
| 8.3.2013 | **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रथम मंजिल पर नवीनीकृत महिला कक्ष का उद्घाटन महिला समाज सेवा समिति, मध्य रेल,नागपुर मंडल की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति दीक्षित के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ** |

| | |
|---|---|
| 12.3.2013 | अजनी स्वास्थ्य ईकाई में श्री बृजेश दीक्षित मंडल रेल प्रबंधक के शुभहस्ते पैथालॉजी कलेक्शन केन्द्र का उद्‌घाटन |
| 20.3.2013 | वाणिज्य विभाग ने आने वाले गर्मियों की छुट्‌टीयों में यातायात संबंधि जागरूकता हेतु रेल कर्मियों का सेमिनार का आयोजन । |
| 25.3.2013 | इम्प्रेस्ट कैश सहजतापूर्ण तथा सुरक्षित रूप से प्राप्त करने हेतु रेल प्रशासन एवं भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त सहयोग से रेल कर्मचारियों को स्टेट बैंक इम्प्रेस्ट एटीएम कार्ड का वितरण। |
| 19.4.2013 | **प्रतिष्ठित महाप्रबंधक समग्र दक्षता शिल्ड से नागपुर मंडल सम्मानीत। 18 दक्षता शिल्ड के अलावा नागपुर मंडल के 4 अधिकारी एवं 22 कर्मचारीयों को महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित।** |
| 29.4.2013 | महिला समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित **'हास्य–रंग'** कवि सम्मेलन एवं व्यंजन पर्व – संतुष्टि का आयोजन। |
| 13.5.2013 | **बैतूल – ईटारसी रेल खंड मार्ग के गौरवशाली शताब्दी वर्ष समारोह मध्य रेल नागपुर मंडल द्वारा बैतुल स्टेशन पर संपन्न हुआ । बैतूल – ईटारसी खंड के 100 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग द्वारा "विशेष आवरण" का विमोचन मंडल रेल प्रबंधक श्री बृजेश दीक्षित एवं माननीय जिलाधीश श्री राजेश प्रसाद मिश्र के शुभहस्ते हुआ ।** |
| 24.5.2013 | बेल्जीयम रेल के सहमति ज्ञापन अंतर्गत रेलवे स्टेशन पुर्नःविकास योजना हेतु बेल्जीयम रेलवे के दो सदस्यीय शिष्टमंडल ने नागपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। |
| 29.5.2013 | **माननीय शहरी विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री कमल नाथ के शुभहस्ते जुन्नारदेव आदर्श स्टेशन कार्य का शिलान्यास समारोह जुन्नारदेव में संपन्न हुआ ।** |
| 30.5.2013 | **नागपुर रेलवे स्टेशन पर प्रथम स्वचलित सीढी (एस्केलेटर) सेवा का शुभारंभ** |

31.5.2013 नागपुर मंडल ने वर्ष 2013–14 को उर्जा संरक्षण वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है । इसी मुहिम के तहत नियंत्रण कक्ष में उर्जा संरक्षण मंत्र पॉकेट फोल्डर तथा सभी विभागों के लिए उर्जा सरंक्षण हेतू दिशा निर्देश साहित्य बोर्ड, जो प्रत्येक विभाग के नियंत्रण कक्ष तथा ड्रायवर लॉबी एवं रनिंग रूम में लगाया।

16.6.2013 **नागपुर यात्री आरक्षण केंद्र के 2 काउंटर रविवार को दुसरी पारी (Shift) में दोपहर 2.00 बजे से रात्री 8.00 बजे तक नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री बृजेश दीक्षित की प्रमुख उपस्थिती में खुले कर दिए।**

26.6.2013 रेल यातायात में हॉट ॲक्सल संबध में अधिक जानकारी हेतू सेमिनार का आयोजन।

8.7.2013 डॉ. जयदीप गुप्ता, भारतीय रेल विद्‌युत सेवा, ने श्री उदय बोरवणकर से मध्य रेल नागपुर मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया ।

1.7.2013 माननीय सांसद श्री विलास मुत्तेमवारजी के MPLAD निधि से प्राप्त रूग्णवाहिका का लोकार्पण ।

9.7.2013 यात्रियों की सुविधा के लिए रेल्वे दवारा सवारी गाडियों की डिब्बोमें सुधार किए गए।

11.7.2013 रेल हॉस्पीटल के ऑडीटोरियम में **"स्पेड** (Signal Passing At Danger) एवं **ऊर्जा संरक्षण"** विषयों पर नागपुर मंडल के रनिंग कर्मचारियों हेतु सेमीनार का आयोजन।

19.7.2013 **मंडल के सिंदी और तुलजापुर रेलवे स्टेशन के बीच 19 जुलाई को हुई अतिवृष्टि के कारण करीब 360 मीटर रेल पटरी क्षतिग्रस्त हुई।**

26.7.2013 रेल नागपुर मंडल के अथम परिश्रम से नागपुर – वर्धा के बीच दोनों लाईनों से आवागमन के आरंभ के साथ रेल यातायात सामान्य हो गया ।

4.8.2013 20 स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली एवं यात्री आरक्षण केंद्र के काउंटर रविवार को दूसरी पाली **(Shift)** में दोपहर 2.00 बजे से रात्री 8.00 बजे तक खुले ।

16.8.2013 "स्टेशनों पर कार्य के दौरान संरक्षा" विषय पर संरक्षा परिसंवाद का आयोजन। संरक्षा परिसंवाद में आयुक्त रेलवे संरक्षा (सेन्ट्रल सर्कल ) श्री चेतन बक्शी, मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री भुषण पाटील मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे ।

19.8.2013 सर्विस टैक्स पर कार्यशाला का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक श्री बृजेश दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न।

21.8.2013 टिकट जांच कर्मचारियों के लिए टिकट जांच क्षेत्र में अधिक सुधार, गतिशिलता एवं मंडल की आय बढाने हेतु ब्रेन स्टॉर्मिंग सेशन का आयोजन।

23.8.2013 **मंडल के इटारसी – नागपुर खंड में मगरडोह एवं बरबतपूर स्टेशन के दरम्यान अप रेलवे मार्ग पर भारी वर्षा के कारण मचना नदी के पानी के ज्यादा बहाव से किलोमिटर 802/29 के पास पुलिया की किनार बह गई।**

27.8.2013 नागपुर – इटारसी खंड में बरबतपूर एवं मगरडोह स्टेशन के दरम्यान रेल यातायात सामान्य हो गया । नागपुर मंडल ने दिन –रात युध्दस्तर पर कार्य कर अथक परिश्रम का परिचय देते हुए 4 दिन में पूर्ण किया । नागपुर मंडल के लिए यह एक अभूतपूर्व कार्य था और समस्त विभागों ने एक टीम वर्क का परिचय देते हुए मौसम की विषम परिस्थितीयों में यह कार्य पूर्ण किया । रेल ट्रैक के नीचे करिब 40 फूट का भराव बह गया था। संचार के लिए जगह की कमी, नदी का प्रवाह, लगातार तेज बारीश, नजदिक रेल्वे ब्रिज होना एवं पहुंच– मार्ग न होना यह मुसिबतें सुधार कार्य में बाधाएं थी ।

4.9.2013 नागपुर से नई दिल्ली के लिए 12441 बिलासपुर – नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में द्वितीय वातानुकूलित में 64 तथा तृतीय वातानुकूलित में 112 कोटा उपलब्ध ।

5.9.2013 सुशोभित एवं अपग्रेडेड इनडोअर विशेष केबिनों का मंडल रेल प्रबंधक, श्री बृजेश दीक्षित के कर–कमलों द्वारा महिला समाज सेवा समिति/नागपुर

मंडल की अध्यक्षा श्रीमती ज्योति दीक्षित की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया।

13.9.2013 आकस्मिक फोर्ट्रेस टिकट जांच अभियान चलाया गया जिसमें कुल 866 मामले पाये गये जिससे कुल 2,83,902/– रूपये वसूल किए गये।

21.9.2013 'गुंजन' सभागृह में डॉ ई. श्रीधरन रेलवे बोर्ड के पूर्व इंजीनियरी सदस्य, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कोकण रेलवे तथा पूर्व प्रबंध निदेशक दिल्ली मेट्रो रेलवे इन्होने ''जन –लोक सेवकों के सम्मुख वर्तमान समय की चुनौतियाँ'' इस विषय पर रेल अधिकारी एवं कर्मचारियों संबोधित किया।

23.9.2013 **मा. रेल राज्यमंत्री श्री अधीर रंजन चौधरी के करकमलों द्वारा अजनी स्टेशन पर नवनिर्मित विश्रामालय एवं नागपुर पूर्व द्वार पर स्थापित नये स्वंय चलित सीढी का उद्घाटन किया ।**

26.9.2013 **श्री विलास मुत्तेमवार, माननीय सांसद के करकमलों द्वारा हरी झंडी दिखाकर नागपुर – अजमेर – जयपुर नयी रेल सेवा का शुभारंभ।**

13.10.2013 धम्मचक्र प्रवर्तन दिन के उपलक्ष पर यात्रियों की भारी भीड को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने तीन विशेष रेल गाडियों की सुविधा एवं 12136 नागपुर –पुणे एवं 11402 नागपुर – मुंबई नंदीग्राम एक्सप्रेस में प्रत्येकी एक अतिरिक्त साधारण द्वितीय श्रेणी कोच जोडा गया।

19.10.2013 "नागपुर कन्सर्न सिटीझन" द्वारा वरिष्ठ नागरीक एवं बिमार यात्रियों के लिए नयी निशु:ल्क बैटरी ऑपरेटेड कार का लोकार्पण ।

23.10.2013 मंडल रेल प्रबंधक श्री बृजेश दीक्षित के शुभहस्ते आमला – किरतगढ खंड के लिए रोड साईड चिकित्सा वाहन का लोकार्पण।

23.10.2013 लोको पायलट के लिए नयी स्टेनलेस स्टील से बनी कॉमन लाईन बॉक्स का शुभारंभ।

25.10.2013 **मध्य रेलवे एवं फिल्म प्रभाग द्वारा संयुक्त तत्वावधान में फिल्म फेस्टिवल का आयोजन ।**

28.10.2013 **नागपुर मंडल पर पहली बार भरतवाडा स्टेशन पर ईलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की सिग्नलिंग प्रणाली में आधुनिक तकनीक का शुभारंभ हुआ ।**

31.10.2013 मध्य रेल के नागपुर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया । इस अवसर पर श्री ए.बी. चौधरी, माननीय न्यायाधीश मुंबई हायकोर्ट, नागपुर खंडपीठ, का "वेज ॲण्ड मीन्स ऑफ कम्बेटिंग करप्शन ॲण्ड द इल इफेक्ट ऑफ करप्शन ऑन सोसायटी, एकानॉमी ॲण्ड पर्सनल लाईव" विषय पर गुंजन सभागृह में व्याख्यान का आयोजन संपन्न हुआ ।

1.11.2013 **अजनी टर्मिनस से पहली नयी एक्सप्रेस गाडी अजनी – लोकमान्य तिलक टर्मिनस – अजनी साप्ताहिक एक्सप्रेस नियमित रुप से शुरु ।**

4.11.2013 22351/22352 पाटलीपुत्र –यशवन्तपुर – पाटलीपुत्र नयी ट्रेन नागपुर होकर शुरु।

12.11.2013 **श्री बृजेश दीक्षित मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर, मध्य रेलवे को रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2012–13 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनिय एवं सराहनीय योगदान के लिए रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से श्री अरूणेन्द्र कुमार, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली के करकमलों द्वारा रेल भवन के कॉन्फरन्स हॉल में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया ।**

12.11.2013 जागतिक मधुमेह दिवस के उपलक्ष में वेलनेस सेमिनार का आयोजन।

21.11.2013 मानकापुर रेलवे फाटक अंतर्गत परिसर में आर.ओ.बी. निर्माण कार्य का मंडल रेल प्रबंधक श्री बृजेश दीक्षित के करकमलों द्वारा शुभारंभ किया गया ।

10-11.12.2013 **मध्य रेल के नागपुर मंडल पर "अंतर रेल सांस्कृतिक प्रतियोगिता (संगीत) - 2013" आयोजन।**

11.12.2013 श्री बी.पी. खरे, महाप्रबंधक, मध्य रेल का नागपुर निरीक्षण दौरा।

16.12.2013 भवन निर्माण की अत्याधुनिक पध्दतियां एवं नविनतम निर्माण साहित्य की जानकारी हेतु सेमिनार एवं प्रदर्शन का आयोजन।

16.12.2013 **उर्जा संरक्षण हेतु वर्ष –2013 में किए गए प्रशंसनीय कार्य जो रेलवे स्टेशन क्षेत्र में प्राप्त की गई उपलब्धियों से संबंधित है उसके लिए भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा मध्य रेलवे के नागपुर रेलवे स्टेशन को द्वितीय पुरस्कार सम्मानपूर्व दिया गया । मध्य रेलवे नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक श्री बृजेश दीक्षित को भारत के महामहिम राष्ट्र्पति श्री प्रणब मुखर्जी के करकमलों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर गौरवान्वित किया गया ।**

25.12.2013 मध्य रेल, भारत स्काउुट एवं गाईड्स का 20 वां राज्य स्तरीय महोत्सव एवं 6 वां रोवर – रेंजर समागम का आयोजन अजनी (नागपुर) में आयोजन।

26.12.2013 मध्यप्रदेश में डाक विभाग की संयुक्त तत्वावधान में यात्रियों के आरक्षण हेतु सारणी के डाक कार्यालय में आरक्षण सुविधा शुरू ।

30.12.2013 ट्रेन संख्या 18421/18422 पुरी – अजमेर नई द्विसाप्ताहिक ट्रेन का शुभारंभ होगा।

————————

दिनांकः 27/12/2013